# Dr. RAMMANOHAR LOHIA AVADH UNIVERSITY, AYODHYA (U.P.

पत्रांकःडा0रा0म0लो0 / पं0दि0दी0 / 07 / सीताराम / 2021 दिनाँकः 29 / 10 / 2021

## अधिसूचना

निदेशक अयोध्या शोध संस्थान अयोध्या, द्वारा प्रेषित पत्र–पत्रांक संख्या 125 / अयो0शो0सं0 / दीपोत्सव / 2021–22, दिनाँक 27 अक्टूबर, 2021 के सन्दर्भ में सादर अवगत कराना है कि ललित कला (फाईन आर्ट्स) विभाग, आवासीय परिसर, डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या आगामी पंचम दिव्य दीपोत्सव 2021–22 के अवसर पर आयोजित **''सीता–राम स्वरुप प्रतियोगिता''** के प्रथम चरण का आयोजन **दिनांक 31–10–2021** तथा फाइनल चरण दिनाँक 02–11–2021 को दो चरणों में करना प्रस्तावित है। **''सीता राम स्वरूप प्रतियोगिता''** को सुचारु रुप से सम्पन्न कराने सम्बंधी नियम, उपनियम एवम् सूचनायें निम्नवत् है–

**सीता राम–स्वरूप प्रतियोगिता के नियम–**

1–डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या की वेबसाइट पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन दिनाँकः **28–10–2021 से 30–10–2021 तक किया जायेगा।** रजिस्ट्रेशन फार्म में **''सीता–रामस्वरुप''** बन रहे प्रतिभागियों का नाम, प्रत्येक प्रतिभागी का आधार कार्ड संख्या रजिस्ट्रेशन फार्म में भरना अनिवार्य है। आधार कार्ड की फोटो कापी रजिस्ट्रेशन फार्म के प्रिंट आउट के साथ संलग्न करके सम्बन्धित विभाग में दिनाँकः 30–10–2021, को शाम 5:00 बजे तक जमा करना अनिवार्य है। **फार्म जमा करने का पता – ललित कला (फाईन आर्ट्स) विभाग, आवासीय परिसर, डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या, 224001।**

2–प्रतियोगिता दो चरणों में सम्पन्न होगी। **प्रथम चरण की प्रतियोगिता दिनाँकः 31–10–2021 को विश्वविद्यालय के संत कबीर सभागार में सुबह 11:00 से दोपहर 01:00 बजे तक सम्पन्न होगी, जिसमें चयनित प्रतिभागी ही द्वितीय चरण(अन्तिम प्रतियोगिता) मे भाग लेंगे।**

**3–विषय –''दिव्य राजसी सीताराम स्वरूप''**

4–कोई भी लड़का या लड़की, **'सीता और राम का स्वरुप'** बन सकते है। सीता–राम का स्वरुप केवल राजसी होगा।

5–**स्थान–** द्वितीय चरण (अन्तिम प्रतियोगिता) का स्थान **''राम की पैड़ी, अयोध्या''** होगा।

6–**समय** –द्वितीय चरण (फाइनल प्रतियोगिता) **दिनाँक 02 / 11 / 2021** को **शाम 05:00 से 07:00 बजे तक राम की पैड़ी अयोध्या पर होगी।** प्रथम चरण के आधार पर **चयनित 20 जोड़ियों को** फाइनल चरण में सम्मिलित किया जायेगा।

7–**आयु वर्ग–'केवल 14 से 25 वर्ष' की आयु** के व्यक्ति ही प्रतिभाग कर सकते है।

8–प्रत्येक प्रतिभागी को **'सीता–राम स्वरुप'** के लिए अपने गन्तव्य स्थान से ही तैयार होकर आना होगा।

**9–प्रतिभागियों को प्रदत्त् सुविधा–**

1–पुरस्कार धनराशि एवं प्रमाण–पत्र पुरस्कार वितरण के दिन प्रदान किये जायेंगे।

10–**पुरस्कार–**

| | |
|---|---|
| प्रथम पुरस्कार (प्रति जोड़ी) | 30,000=00 (कुल रूपया तीस हजार मात्र) |
| द्वितीय पुरस्कार (प्रति जोड़ी) | 20,000=00 (कुल रूपया बीस हजार मात्र) |
| तृतीय पुरस्कार (प्रति जोड़ी) | 15,000=00 (कुल रूपया पन्द्रह हजार मात्र) |
| पाँच सांत्वना पुरस्कार (प्रति जोड़ी) | 05 x 10,000(प्रति जोड़ी)=50,000=00<br>(कुल रूपया पचास हजार मात्र) |

11–**विशेष**–प्रतियोगिता में पुरस्कार हेतु चुने जाने वाले **'सीता–रामस्वरुप'** के सम्बन्ध में अन्तिम निर्णय **ललित कला (फाईन आर्ट्स) विभाग,** आवासीय परिसर, डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या द्वारा नामित निर्णायक मण्डल द्वारा किया जायेगा।

12–प्रथम चरण के स्क्रीनिंग के आधार पर (20) जोड़ियों का चयन किया जाएगा जो **दिनाँक 02/11/2021 को शाम 05:00 से 07:00 बजे 'राम की पैड़ी' पर 'सीता राम स्वरूप'** के द्वितीय चरण में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं पाँच सांत्वना पुरस्कार के लिए प्रतिभागिता करेंगे।

13– सम्बंधित प्रतियोगिता के प्रतिभागी यह सुनिश्चित कर लें कि प्रतिभागिता पूर्ण रूप से स्वैच्छिक है और निर्णायक मण्डल का निर्णय अन्तिम होगा। आयोजन या निर्णय के संबंध में किसी भी प्रकार की जनसूचना अथवा न्यायिक विवाद वांछित नही होगा।

14–प्रतिभागी ग्रुप का पुष्टिकरण ग्रुप लीडर के मोबाइल नं0 पर प्रेषित किया जाएगा।

15–प्रतियोगिता से सम्बन्धित विज्ञापन का प्रकाशन अयोध्या शोध संस्थान, अयोध्या, अयोध्या द्वारा किया जायेगा।

16–प्रतियोगिता आयोजक मण्डल को यह सर्वाधिकार है की वो किसी भी अपरिहार्य परिस्थिति में सम्बन्धित प्रतियोगिता को निरस्त कर सकता हैं।

17–सम्पूर्ण प्रतियोगिता कोविड–19 महामारी के सुरक्षा मानको एवं सोशल डिस्टेंसिग के साथ सम्पन्न की जायेगी।

**(विनोद कुमार श्रीवास्तव)**
**समन्वयक**
**ललित कला (फाईन आर्ट्स) विभाग**